**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.06.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, न्यायधीश, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 30.06.2024

### ट्रांसपोर्टर्स को दी गई सुविधाओं की जानकारी

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुल्कित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को प्राधिकरण सभागार में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संबंध में ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक की गई। उन्हें ट्रांसपोर्ट नगर योजना में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। बैठक में सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, परमानंद यादव, राजीव ज़ायसवाल, रमेश चंद दुबे, अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा व अरविंद शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे। ब्यूरो

### वीडीए की टीम ने अवैध निर्माण ढहाया

वाराणसी। वीडीए की टीम ने शनिवार को नगवा वार्ड में हो रहे अवैध निर्माण को ढहा दिया। यहां मौजा कुरुहुआ हैप्पी मॉडल स्कूल के पास आठ बीघा जमीन पर बिना मानचित्र पास कराए बिना अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। टीम ने सड़क, नाली और बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। अवर अभियंता आरके सिंह और जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब तक मानचित्र पास न हो प्लॉट की खरीद न करें। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 30.06.2024

### नीचीबाग इलाके में नलकूप की गुणवत्ता परखी

वाराणसी। वीडीए अवस्थापना निधि से बनाए गए ट्यूबवेल की गुणवत्ता की जांच के लिए वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग नीचीबाग पहुंचे। 51 लाख रुपये की लागत से निर्मित ट्यूबवेल का पानी पीकर उन्होंने गुणवत्ता परखी। वीडीए उपाध्यक्ष ने अधिकारियों से नलकूप निर्माण के संबंध में पूरी जानकारी ली। कहा कि क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति में किसी प्रकार से लापरवाही न हो।

## आज–दि0 30.06.2024

### अवैध प्लाटिंग पर चली जेसीबी

विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को नगवां वार्ड में मौजा कुरूहुआ में बीना ले आउट स्वीकृत करायें आठ बीघा जमीन पर प्लाटिंग की जा रही थी। विभाग के मिली शिकायत के आधार पर क्षेत्रीय अवर अभियंता ने मौका मौआयना किया और शिकायत की पुष्टि की। जोनल अधिकारी के नेतृत्व में विप्रा की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से जेसीबी के सहायता से हुए अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। अभियान में जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी, अवर अभियंता आरके सिंह सहित स्थानीय पुलिस मौके पर थी।

### ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर विप्रा में हुई बैठक

विप्रा प्राधिकरण उपाध्यक्ष के अध्यक्षता में शनिवार को विप्रा सभागार में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संबंध में ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की गयी। जिसमें इस योजना में मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया और उनकी सुझाव भी लिए गये। बैठक में उपाध्यक्ष के अलावा सचिव डाक्टर वेदप्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव परमानन्द यादव, सम्पत्ति अधिकारी राजू जायसवाल, सहायक सम्पत्ति अधिकारी रमेश चन्द्र दुबे, अधिशसी अभियंता आनन्द मिश्रा और अरविंद शर्मा उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 30.06.2024


### ट्रांसपोर्ट नगर योजना में सुविधाओं को लेकर की गई बैठक



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को प्राधिकरण सभागार में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संदर्भ में बैठक की गई। इस दौरान वीडीए के अधिकारी व ट्रांसपोर्टर्स मौजूद थे। बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर योजना में दी जाने वाली सुविधाओं पर चर्चा की गई। वहीं ट्रांसपोर्टरों से सुझाव मांगा गया। इस दौरान सभी ने अपने-अपने मत रखे जिससे की ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधाओं की कोई कमी न हो। बैठक के दौरान सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद दुबे, अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा व अरविंद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 30.06.2024

### वीडीए उपाध्यक्ष ने नलकूप निर्माण को देखा



**वाराणसी** । विकास प्राधिकरण के अवस्थापना निधि से वित्त पोषित जनपद वाराणसी के नीचीबाग में नलकूप की स्थापना के निर्माण कार्य का वीडीए उपाध्यक्ष ने शनिवार को निरीक्षण किया । निरीक्षण में उपाध्यक्ष ने जलकल विभाग के अवर अभियंता से नलकूप निर्माण के संबंध में जानकारी ली एवं स्वयं नलकूप का पानी पीकर गुणवत्ता परखी । मौके पर अधिशासी अभियंता मौजूद रहे ।

### ट्रांसपोर्टरों के साथ वीडीए अधिकारियों ने की बैठक



**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संदर्भ में ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक की गई, जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर योजना में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया । बैठक में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद दुबे, अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा व अरविंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 30.06.2024

### अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-4 की प्रवर्तन टीम द्वारा 28 जून को अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। इसके तहत मौजा- ,कुरुहुआ, हैप्पी मॉडल स्कूल के आस पास बिना ले-आउट स्वीकृत कराए अज्ञात द्वारा 02 अदद (5.38 बीघा) कुल 8 बीघा क्षेत्रफल पर अवैध प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज 29 जून को उपरोक्त स्थल पर किये गये अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आज प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। इस दौरान जोनल अधिकारी प्रमोद तिवारी , अवर अभियंता आर0 के0 सिंह मौजूद रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले0आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

Activate Windows
Go to Settings to activate Windows

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 30.06.2024

### नलकूप की स्थापना कार्य का वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने किया निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के अवस्थापना निधि से वित्त पोषित जनपद वाराणसी के नीची बाग में नलकूप की स्थापना कार्य का वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा शनिवार को निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जलकल विभाग के अवर अभियंता से नलकूप निर्माण के संबंध में संपूर्ण जानकारी ली एवं स्वयं नलकूप का पानी पीकर गुणवत्ता परखी। मौके पर अधिशासी अभियंता मौजूद रहे।




**वीडीए वीसी पुलकित गर्ग नलकूप स्थापना कार्य का निरीक्षण करते हुए**

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


तरूणमित्र न्यूज–दि0 30.06.2024

## ट्रांसपोर्ट नगर योजना के बाबत ट्रांसपोर्टर्स के साथ वीडीए में हुई बैठक



ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक करते वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को प्राधिकरण सभागार में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के संदर्भ में ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक की गई। जिसमें ट्रांसपोर्ट नगर योजना में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया गया तथा विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की गई। बैठक के दौरान वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, संयुक्त सचिव परमानंद यादव, संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल, सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद दुबे, अधिशासी अभियंता आनंद मिश्रा व अरविंद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।